हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026
कैथल

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

10 एक जागरूक मतदाता ही होता है मजबूत लोकतंत्र की नींव: गुरविंद्र



10 विकास कार्यों की सौगात; 'मेरे रोल मॉडल हैं मुख्यमंत्री': सतपाल जांबा



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया

**राजौंद।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम की ओर से पिज़्ज़ा स्टार राजौंद में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मेहर चन्द भ्राता के सहयोग से मनाया गया। इस दौरान बहन आशा कुमारी ने बताया कि हर साल 25 जनवरी को भारत में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत में पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है ।

### सांसद नवीन जिंदल करेंगे कैथल में ध्वजारोहण

**कैथल।** 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन में किया जाएगा। समारोह में सांसद नवीन जिंदल जी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। इससे पहले मुख्य अतिथि शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जानकारी देते हुए जिला सूचना एवं लोक संपर्क अधिकारी नसीब सिंह सैनी ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### मोटर स्टार्टर व केबल चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में एक सरकारी नलकूप से मोटर स्टार्टर व केबल चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविन्द्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पूंडरी निवासी राजबीर को गिरफ्तार कर लिया गया। चोरी के कारण नलकूप की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया।

# अलसुबह प्रभातफेरी निकाल रहे श्रद्धालुओं को कुचला, मचा हाहाकार

## हादसे में दो महिलाओं की मौत, 20 घायल, गांव में पसरा मातम

- **हादसे का कारण:** तेज रफ्तार कार; चालक कथित रूप से नशे में था।
- **प्रभाव:** श्रद्धालु सड़क पर दूर तक गिरे, मौके पर अफरा-तफरी मची।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड/कैथल

कस्बा ढांड में रविवार को प्रातः करीब 7 बजे संत शिरोमणि गुरू रविदास जयंती को लेकर निकाली जा रही प्रभात फेरी के श्रद्धालुओं को एक कार ने रौंद दिया। हादसे में एक युवती तथा एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबिक करीब 20 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए कुरूक्षेत्र के नागरिक अस्पताल व निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। दो श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। इसी दौरान प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु रोजाना की तरह सुबह पूंडरी रोड़ पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने श्रद्धालुओं को जोरदार टक्कर मार दी। ऐसा बताया जा रहा है कि चालक नशे में धुत था तथा उसकी गाडी में भी नशा बिखरा पाया गया।

हादसा इतना भीषण था कि महिलाओं और पुरुषों समेत करीब 15 से 20 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद कई लोग सड़क पर दूर तक जा गिरे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की सहायता में जुट गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो महिलाओं ने कुरुक्षेत्र अस्पताल जाकर दम तोड दिया। मृतकों की पहचान प्रियंका पुत्री रविंद्र (उम्र 26 वर्ष) तथा दर्शना देवी पत्नी ईशम सिंह (उम्र 61 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया।

गुरु रविदास जयंती से पहले हुई इस दुखद घटना से ढांड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने और घायलों के बेहतर इलाज की मांग की है।

हादसे के बाद ढांड खड़ी कार



हादसा स्थल पर एकत्रित हुए समाज के लोग





मृतक प्रियंका



मृतक दर्शना

हादसे के बाद खड़ी पालकी



### कार चालक को दबोचा

घायलों को तुरंत कुरुक्षेत्र व नजदीक के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कार चालक को मौके पर ही लोगों ने पकड़ लिया, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### कड़ी कार्रवाई होगी

ढांड थाना प्रभारी सुनील कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि कार चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाली महिलाओं व घायलों के प्रति गहरी संवेदना भी प्रकट की।

# पूर्व सैनिकों ने ज्वलनशील मुद्दे पर की बैठक

- प्रधान जगजीत फौजी और अन्य वरिष्ठ सैनिकों ने विचार साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल के प्रांगण में साइन श्याम 3:15 बजे पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने एक बैठक में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने पहले डोडा में शहीद हुए दस जांबाज शहीद के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और एच एफ ओ भीम सिंह गिल को हरियाणा एयर मैन एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन जिला कैथल का निर्विरोध प्रधान चुने जाने पर सभी ने एसोसिएशन की तरफ से बधाई दी। तत्पश्चात गहुला हल्के में सैनिकों के अपमान में चल रहे ज्वलनशील मुद्दे पर प्रधान जगजीत फौजी के साथ एयरमैन एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन के प्रधान भीम सिंह गिल, हवलदार जगदीश फौजी, सुबेदार मेजर रामफल चहल, कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, कैप्टन रवि दत्त शर्मा, कैप्टन सुजान सिंह,रिसालदार रघुवीर सिंह, ए एस आई सोमनाथ शर्मा आदि ने अपने विचार रखें और उनके ऊपर विचार विमर्श हुआ। सैनिक अपमान वाले मुद्दे पर सबसे अहम ज़ोर रहा। 1 फरवरी 2026 पहले रविवार को जो मासिक मीटिंग हनुमान वाटिका में होती है वो हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में 10 बजे होगी। उसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में साथियों को पहुंचने के लिए गांव गांव जाने का सुझाव आया और उसे स्वीकार किया गया। मीटिंग में सभी साथियों को अपने मान सम्मान के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेने को कहा। प्रधान जी ने ये भी बताया कि 27 जनवरी को मंगलवार के दिन 10:00 बजे ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक में अंबाला वेटरन्स सहायता केंद्र अंबाला कैंट की स्पर्श पेंशन की टीम भी पहुंच रही है जिसका भी पेंशन से संबंधी कोई भी समस्या है वो वहां मिल सकते हैं।



**कैथल।** बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारियों की समस्याओं और हितों पर प्रकाश डाला

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता नंदलाल ने की। बैठक में पटवारी दिलबाग सिंह एवं पूर्ण सिंह ने अपने-अपने विचार रखते हुए कर्मचारियों की समस्याओं और हितों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन बाबूराम गुप्ता ने कुशलतापूर्वक किया। बैठक में वक्ताओं ने 22 व 23 फरवरी को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलनों से न केवल कर्मचारियों की एकजुटता मजबूत होती है, बल्कि उनकी मांगों और अधिकारों को उचित मंच भी मिलता है। इसके साथ ही वक्ताओं ने जानकारी दी कि 70 वर्ष से अधिक एवं 80 वर्ष से कम आयु के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एलटीसी सुविधा के लिए आवेदन खजाना कार्यालय में अवश्य जमा करवाना चाहिए, ताकि वे इस लाभ से वंचित न रहें। बैठक में बाहर से आए पवन कुमार, ऊषा रानी एवं गुरमीत कौर ने भी अपने विचार रखे और संगठन की गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर जगमोहन सिंह, कुलविंदर सिंह, बहादुर सिंह, विजय तनेजा, रामनाथ चुटानी, पूर्ण चंद्र सैनी, राजेंद्र, पूर्ण आहूजा, नंदकौर, फकीरिया सहित अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



**सीवन।** सीवन में आयोजित बैठक में भाग लेते सेवानिवृत्त कर्मचारी फोटो : हरिभूमि









# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

लाइफ Style



# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।

हॉलीवुड मसाला




## लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



## हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और से नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



## सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



## किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

टीवी मसाला



## कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा' वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



## शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।



## ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

### मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।



***मुल्क*** : ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15*** : अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोडयूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

***न्यूटन*** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

### सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें' गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।



### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।

### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया' गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा। 'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं। 'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

## खबर संक्षेप



### अंत्योदय योजना गरीबों के लिए बन रही संबल : मिड्ढा

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि वर्तमान सरकार अंत्योदय की भावना के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर रही है ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच सके। पहले गरीब आदमी को बढ़ते बिजली बिल भरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था लेकिन अब पात्र उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं।

### खिलाडियों के लिए प्रदेश में वातावरण अनुकूल : सैनी

**जींद।** हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश देश का ऐसा राज्य बन चुका है, जहां खेल और खिलाडि़यों के लिए सबसे अधिक अनुकूल वातावरण मौजूद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने खेलों को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से जोड़ा है। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### कर्मियों की सरकार को दो टूक, नहीं चाहिए एनपीएस

**जींद।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन की कड़ी में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की जींद जिला कार्यकारिणी ने रविवार सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। आगामी संसद सत्र से पूर्व पेंशन बहाली संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल के नेतृत्व में हरियाणा के सभी सांसदों को इस विषय बारे ज्ञापन दिया

### प्रमोद सहवाग बने यूपी में संगठन सृजन के आब्जर्वर

**जींद।** प्रदेश कांग्रेस समिति सदस्य प्रमोद सहवाग को पार्टी ने यूपी में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आब्जर्वर की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सहवाग ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वो खरे उतरेंगे और दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ करेंगे।

### मिड डे मिल वर्कर्स 12 को नही बनाएंगी खाना

**जींद।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा मांगो की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में वर्कर्स ने 12 फरवरी को प्रदेश भर में स्कूलों में खाना नहीं बनाने का फैसला लिया है। इसकी लिखित सूचना जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को उनके कार्यालय में 21 जनवरी को दे गई है। यूनियन की राज्य उपप्रधान सुनीता और जिला कोषाध्यक्ष संदीप ने कही। वो जींद ब्लॉक की वर्कर्स यूनियन की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

## एमडीएन स्कूल में राष्ट्रभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

# पूरा परिसर देशभक्ति के नारों एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से गूंज उठा

- शिक्षा को अपना सबसे सशक्त हथियार बनाकर अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढे

गणतंत्र दिवस मनाते एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती निधि कंसल, प्रबंधक श्री गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। जैसे ही राष्ट्रध्वज शान से फहराया गया, पूरा परिसर देशभक्ति नारों एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से गूंज उठा।

ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों, भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों, कविता पाठ, तथा गणतंत्र दिवस के महत्व पर भाषणों ने समारोह को विशेष बना दिया। विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम, संविधान की महत्ता एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सराहा।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संविधान में निहित मूल आदर्शों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—को आत्मसात करने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे सशक्त हथियार बनाकर अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ें तथा एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

### विद्यार्थियों को कर्तव्यों पर किया जागरूक

विद्यालय के प्रबंधक श्री गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों एवं नागरिक दायित्वों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का गौरव केवल बड़े कार्यों से नहीं, बल्कि हमारी दैनिक आदतों और छोटे-छोटे नागरिक कर्तव्यों से बनता है। स्वच्छता बनाए रखना, यातायात नियमों का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहना तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखना—ये सभी कार्य हमारे देश को गर्व की ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने आचरण से समाज के लिए प्रेरणा बनें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इसके पश्चात पूरे सम्मान और अनुशासन के साथ राष्ट्रगान गाया गया।

## श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पाई की 13वीं नि:शुल्क बस यात्रा 27 जनवरी को



**पूंडरी।** श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पाई की ओर से खाटूश्याम के लिए 12 वीं निशुल्क बस यात्रा 27 जनवरी को सुबह छह बजे पाई के रामलीला ग्राउंड से रवाना होगी। इसकी जानकारी ट्रस्ट के चेयरमैन वीरेंद्र सांगवान ने कैथल रोड़ पर स्थित एक कार्यालय में हुई बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा पिछले दो वर्षों से बाला जी और खाटूश्याम के लिए सफलता पूर्व 12 निशुल्क धार्मिक यात्राएं निकाली जा चुकी है और यह ट्रस्ट की 13 वीं यात्रा है। 13 वीं यात्रा को मास्टर राजेंद्र ढुल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रस्ट के प्रधान प्रवीण शर्मा ने बताया कि यात्रा को मुख्य उद्धेश्य धार्मिक स्थानो का दर्शन करना है यह यात्रा आर्थिक रूप से कमजोर असहाय (बुजुर्गों )को पूर्ण रूप से निशुल्क कराई जाती है। यह यात्रा दो दिन तथा एक रात्रि का ठहराव होता है जिसमें संस्था के द्वारा आना जाना खाना पीना तथा रहना निशुल्क होता है इस बस में प्रति यात्रा 60 सवारी की व्यवस्था होती है।

## युवा स्वच्छता को दिनचर्या में अपनाएं




**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋषिपाल के कुशल निर्देशन एवं डॉ नैन्सी गुलाटी के संयोजन में चंदलाना गांव में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रातःकालीन सभा से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना, एनएसएस गीत एवं शारीरिक प्रशिक्षण (योग सत्र) से किया गया, जिसका उद्धेश्य स्वयंसेवकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना रहा। इसके उपरांत स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवक रिंकू ने एन.आई.सी कुरुक्षेत्र में अपने सहभागिता अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार अंकिततथा अनिल द्वारा चंडीगढ़ क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला से उन्हें तकनीकी एवं व्यक्तित्व विकास का अवसर मिला।

## गणतंत्र दिवस पर आईटीआई में जिला स्तरीय युवा मंडल सेमिनार

# भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में हिना रही प्रथम

- प्रतिभागियों को डीबीटी के माधयम से दिए नगद ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच जगदीश ढुल विद्याथ्रियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर राजकीय आईटीआई कैथल में जिला स्तरीय युवा मंडल सेमिनार में भारतीय संविधान व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हिना प्रथम, मनु देवी द्वितीय यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को डीबीटी के माध्यम से नगद ईनाम □1100 □750 □500 तथा मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश मच्छाल जिला युवा समन्वयक अधिकारी कैथल एवं प्रधानाचार्य तथा जिला नोडल अधिकारी आईटीआई कैथल ने करते हुए युवाओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन के वृतांत सुनाते हुए जीवन में कठोर संघर्ष करके लक्ष्य प्राप्ति की और ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि नौजवानों के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग द्वारा युवक मंडल व युवती मंडल गठन के लिए अभियान चलाया हुआ है।

## आध्यात्मिक चेतना और मानसिक शांति के लिए विशेष ध्यान सत्र

**कैथल।** नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र कैथल में 'शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन फॉर ग्लोबल वेलफेयर के सदस्यों एवं उनकी टीम के लिए एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में सदस्यों को मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन तथा सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ना था। नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र द्वारा साधकों के लिए शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण उपलब्ध कराया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को गहन ध्यान का अनुभव प्राप्त हुआ। केंद्र के सीनियर मास्टर्स निखिल खुरानिया एवं मीनाक्षी खुरानिया ने सत्र का नेतृत्व किया और प्रतिभागियों को ध्यान की वैज्ञानिक विधि, इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभ तथा दैनिक जीवन में इसकी महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। फाउंडेशन के सदस्यों ने सामूहिक रूप से ध्यान का अभ्यास किया और अपने भीतर सकारात्मक परिवर्तन एवं मानसिक शांति का अनुभव किया।



**कैथल।** नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र कैथल में ध्यान करते शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन की टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## श्याम-नाम के जयकारों संग सीवन से 21वीं दो दिवसीय धार्मिक बस यात्रा रवाना



**सीवन।** सीवन के रामलीला मैदान से श्री बाबा खाटू श्याम परिवार, सीवन द्वारा आयोजित 21वीं दो दिवसीय धार्मिक बस यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में श्री बाबा खाटू श्याम जी एवं श्री सालासर बालाजी धाम के लिए रवाना हुई। बस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूरा परिसर बाबा श्याम-नाम के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। समिति के प्रधान संजय कंसल, सदस्य संजू पंसारी तथा संरक्षक मनोज गिरधर व नरेश आहूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा दो दिनों तक चलेगी, जिसमें श्रद्धालु बाबा श्याम व श्री सालासर बालाजी के पावन धामों में दर्शन कर आध्यात्मिक शांति व पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। यात्रा से पूर्व पंडित बिट्टू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि पाली सैनी एवं लोकहित जागरूकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष विनेश मेहता ने श्री श्याम ध्वजा दिखाकर बस को श्रद्धापूर्वक रवाना किया। प्रस्थान के समय जय श्री बाबा खाटू श्याम और जय श्री सालासर बालाजी के उद्घोष से रामलीला मैदान गूंज उठा।

## ब्राह्मण धर्मशाला में हुआ मासिक हवन


**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित मासिक हवन व भजन कार्यक्रम में शिक्षाविद रामचंद्र अत्री ने यज्ञ की वेदी पर आहुति डालते हुए सभी सम्मानित नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई और आह्वान किया कि जैसे हवन सामग्री यज्ञ की ज्वाला से पूरे वातावरण में सुगंधी और शुद्धता फैलाती है। इसी प्रकार प्रत्येक देश के नागरिक द्वारा अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। मुख्य यजमान के रूप में प्रमुख समाजसेवी पं. कृष्ण कापड़ो और उनकी धर्मपत्नी वेदवती देवी ने हवन में पूर्ण आहुति डाली। कार्यक्रम संयोजक मा. रामप्रसाद ने इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लगातार चलाने का आह्वान किया।
















## श्री रैदास तख्त में एक करोड़ से होगा गुरु रविदास सामुदायिक भवन का निर्माण

# कलायत में गुरु रविदास जन्मोत्सव पर पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गुरु रविदास जन्मोत्सव उपलक्ष्य में समाज को सरकार की तरफ से बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत कलायत वार्ड एक स्थित श्री रैदास तख्त के आंगन में एक करोड़ रुपये के बजट से संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन का भव्य निर्माण होगा। यह निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका द्वारा वित्तीय अनुमोदन समिति से प्रक्रिया के अनुसार टेंडर लगाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा शिरकत करने पहुंची थी। आयोजन की अध्यक्षता कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कोलेखां ने की। इस दौरान कमलेश ढांडा ने 31 जनवरी को सरकारी स्तर पर मनाई जाने वाली गुरु रविदास जयंती का निमंत्रण दिया।



**कलायत।** कलायत में संत शिरोमणि गुरु रविदास महोत्सव में महिलाओं के साथ झूमती पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### योजना पर सरकार गंभीर

गुरु रविदास सामुदायिक भवन की यह मांग वार्ड एक पार्षद कुमारी रेनू धानियां ने उठाई। उन्होंने इस विकास योजना को को जल्द से जल्द शुरू करने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि भवन निर्माण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। श्री रैदास तख्त महात्मा गुरु प्रसाद, विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्मा, डा.प्रीतम कोलेखा, मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, रिषीपाल कोलेखां मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### हवन कर मनाया सीएम नायब सिंह का जन्मदिन

**राजौंद।** भाजपा टीम ने मिलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा जी के नेतृत्व में हवन यज्ञ करके व केक काट कर बड़ी धुम धाम से मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजौंद मंडल के अध्यक्ष सुशील पांचाल द्वारा की गई। इस मौके भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल, युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा, दोनों मंडल महामंत्री लोकेश राणा, पवन शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि सचिन प्रजापति , मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन राजेश राणा, विधानसभा बी एल ए वन कपिल दीक्षित, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कमल राणा, नीरज कूंडू , मार्केट कमेटी सदस्य अरूण कुमार, जोनी राणा, नफे सिंह, प्रेम, पार्षद कर्मपाल राणा, संजय राणा, शेखर शर्मा, नीरज राणा, सतीश पांचाल, महिंद्र पांचाल, महिपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 22 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**राजौंद।** गावं कसान के शिव शंकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार के आदेश से जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग (लम्पू )की अध्यक्षता मे राज्य अध्यक्ष मोहिंदर धानिया के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस दौरान संस्था की 22 बालिकाओं को संस्था अव्वल रहने पर प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

### गुरु रविदास महोत्सव को लेकर निकाली प्रभात फेरी

**कैथल।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों के तहत गांव मानस में श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरियों का सिलसिला शुरू कर दिया है। यह 1 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा। प्रभात फेरियों का नेतृत्व सेवाकर्ता श्याम दास महाराज कर रहे हैं। इनकी अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभात फेरी में भाग ले रहे हैं। इससे पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# एक जागरूक मतदाता ही होता है मजबूत लोकतंत्र की नींवः गुरविंद्र

### स्कूली और कॉलेज स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते अधिकारी तथा सीटीएम गुरविंद्र सिंह मतदान की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित युवाओं और नागरिकों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह तथा कलायत एसडीएम अजय हुड्डा विशेष रूप से मौजूद रहे।

सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र की नींव एक जागरूक मतदाता ही होता है। हर वोट लोकतंत्र की ताकत हैं और एक जागरूक नागरिक की सबसे बड़ी पहचान है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे। इसलिए प्रत्येक 18 वर्ष के युवक व युवती को अपना वोट जरूर बनवाना चाहिए।

उन्होंने जोर दिया कि तकनीकी प्रगति के कारण अब मतदाता पंजीकरण और चुनावी प्रक्रिया बेहद पारदर्शी और सुलभ हो गई है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1950 में हमारे भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। इसी उपलक्ष्य में साल 2011 से हर वर्ष हम इस दिन को मनाते हैं, ताकि देश के प्रत्येक नागरिक को उसके मतदान की शक्ति और कर्तव्य का बोध कराया जा सके। इस बार इस दिवस की थीम है— माय इंडिया, माय वोट और इसका मुख्य संदेश है भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक है। इस मौके पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किया गया वीडियो संदेश भी सुनाया गया। इस अवसर पर जिला डीईओ सुभाष, कैथल तहसीलदार रविंद्र कुमार, एआईपीआरओ अमित कौशिक, सहायक राहुल शर्मा, कानूनगो राजकुमार, सुरेश कुमार, राजेंद्र शर्मा व सोनिया मौजूद रहे।

### कैथल खंड से छात्रा खुशियां रही प्रथम

इसी प्रकार खंड स्तर पर आयोजित हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैथल खंड से छात्रा खुशियां प्रथम, नैंसी द्वितीय तथा प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। पूंडरी खंड से राधिका प्रथम, लत्ता यादव द्वितीय तथा आरजू तृतीय स्थान पर रही। सीवन खंड से देव, नैंसी, व खुशी क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गुहला खंड से राजी देवी प्रथम, खुशी द्वितीय तथा सुनेहा तृतीय स्थान पर रही। कलायत खंड से लक्ष्य प्रथम, खुशी द्वितीय तथा शिवानी तृतीय स्थान पर रही। राजौंद खंड से प्रिंस पहले, मानसी दूसरे तथा अभिराज तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया गया। इसमें बलविंदर, अंजू बाला, सतीश कुमार, नीरज कुमार तथा सीमा गोयल शामिल रहे।

### कॉलेज और स्कूल स्तर के विजेताओं को मिला सम्मान

कॉलेज स्तर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में आईजी कालेज की निकिता, तन्नू तथा रितु प्रथम स्थान पर रही। वहीं राजकीय कालेज राजौंद की छात्रा सोनम, शिवानी व प्रीति द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार चौधरी ईश्वर सिंह कॉलेज पूंडरी की छात्रा मंजू, अनुष्का व कावेरी तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में आईजी कालेज की खुशी प्रथम, समा द्वितीय व अनुष्का तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में निशु प्रथम, मंजीत द्वितीय व कावेरी तृतीय स्थान पर रही। स्कूल स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय स्कूल कुराड़ की छात्रा रूकसाना प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कर्मजीत कौर द्वितीय व पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाबड़ी की रीति तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा राधिका प्रथम, पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाबड़ी की छात्रा सिमरनजीत कौर द्वितीय तथा एएमएसएस स्कूल रामगढ़ पांडवा की छात्रा मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस लाइन में पुलिस कर्मचारियों ने ली शपथ



**कैथल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन कैथल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने तथा नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करने की शपथ ली। यह शपथ लाइन ऑफिसर इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार तथा सीडीआई अजय द्वारा दिलवाई गई। इस बारे डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र तभी सशक्त होगा, जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारा कर्तव्य भी है। पुलिस कर्मियों को समाज में आदर्श प्रस्तुत करते हुए स्वयं भी मतदान करने और आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस कर्मचारियों को निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प भी दिलाया गया।

## बीएलओ जयदेव ने मतदाताओं एवं अध्यापकों को दिलाई मतदाता की शपथ



**राजौंद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ी राओ वाली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। बीएलओ जयदेव ने मतदाताओं एवं अध्यापकों को मतदाता के अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी तथा उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलवाई। प्राचार्य जोगिंदर सिंह ने मतदाताओं को वोटर दिवस का महत्व बताया तथा भविष्य में सही मतदान करने के लिए प्रेरित किया । इस मौके पर मेरा युवा भारत कैथल से राजौंद ब्लॉक स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर उपस्थित समस्त युवाओं से मतदान की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी अधिकतम भागीदारी हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता को एकीकृत करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व में एक सशक्त जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास है। कार्यक्रम के पर सभी मतदाताओं को मत देने की शपथ दिलवाई। इस दौरान गांव के सरपंच लखविंदर, वीरेंद्र, अमरजीत कौर, रोशनी, व बलवंत सिंह और पंच सुभाष कुंडू उपस्थित थे।




ढांड। विधायक सतपाल जांबा पबनावा में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

# विकास कार्यों की सौगात; 'मेरे रोल मॉडल हैं मुख्यमंत्री': सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के जन्मदिन के अवसर पर पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल जांबा ने गांव पबनावा में ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधिवत हवन का आयोजन कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। हवन उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ईमानदार, सादगीपूर्ण और सेवा भाव से राजनीति करने वाले नेता हैं, जिनसे उन्हें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा— "मुख्यमंत्री नायब सैनी जी मेरे रोल मॉडल हैं। उनका जीवन संघर्ष, अनुशासन और जनसेवा की मिसाल है। उनके नेतृत्व में हरियाणा पारदर्शी शासन और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।" मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर विधायक ने गांव पबनावा में कई विकास कार्यों का शिलान्यास कर ग्रामीणों को विकास की सौगात दी। साथ ही जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को सहायता राशि वितरित कर सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अवसर पर गांव पबनावा के बूथ नंबर 15 पर विधायक सतपाल जांबा ने सभी साथियों व ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 130वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना।

■ सैनी का जीवन संघर्ष, अनुशासन व जनसेवा की मिसाल



पूंडरी। कार्यकर्ताओ के साथ चेयरमैन सुभाष हजवाना। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश की जनता के दिलों में बसते हैं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनीः सुभाष

**पूंडरी ।** हरियाणा के लोकप्रिय व यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की जनता के दिलों पर राज करते हैं यह विचार भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष व मार्केट कमेटी पूंडरी चेयरमैन सुभाष हजवाना ने सीएम के जन्म दिवस के उपलक्ष में गांव पाई की कोला पट्टी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर एकत्र कार्यकर्ताओं के साथ हजवाना ने केक काटकर व मिठाइयां बांटकर मुख्यमंत्री के 56 में जन्म दिवस को धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। भारत माता की जय व नायब सैनी जिंदाबाद के उदघोष से वातावरण उल्लासमय हो गया। हजवाना ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने अपने छोटे से कार्यकाल में प्रदेश की राजनीति की दिशा व दशा बदलने का काम किया है। आज हरियाणा प्रदेश पूरे देश में विकास व सुशासन में नंबर वन राज्य है। सीएम की सादगी , उच्च विचार व कार्यशैली के विपक्ष के नेता भी कायल है। आज हमारे मुख्यमंत्री 24 में से 18 घंटे लगातार कार्य करके जनता की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की चंडीगढ़ निवास के दरवाजे 24 घंटे प्रदेश की जनता के लिए खुले है। सीएम हर आम नागरिक की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं। युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, जनता को 24 घंटे बिजली, किसानों को रिकॉर्ड तोड़ समर्थन मूल्य एवं मुआवजा, गरीब कल्याण अन्न योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, गरीब जनता को 5 लाख तक फ्री इलाज जैसे अनेक ऐसे जन कल्याणकारी कार्य हैं जिससे प्रदेश की जनता में मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रति खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता उनकी दीर्घायु की कामना कर रही है।























